दिन– मंगलवार दिनांक– 25 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. एनडीए की ओर से भाजपा सांसद ओम बिरला और विपक्षी इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस सांसद के. सुरेश ने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा। कल होगा चुनाव।

02. विधान परिषद की रिक्त हुई एक सीट पर चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन पत्र दाखिल करने का काम शुरू। बारह जुलाई को होगा मतदान।

03. नीट–यूजी परीक्षा पेपर लीक मामले में सीबीआई ने जांच तेज की। सीबीआई अधिकारी ईओयू के एडीजी से मिले। ईओयू ने कुछ और दस्तावेज सौंपे।

04. और, राज्य के अधिकतर भागों में मॉनसून की सक्रियता बढ़ी। अगले तीन दिनों में राज्य के विभिन्न भागों में हल्की से मध्यम वर्षा की सम्भावना।

———————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सांसद ओम बिरला अठारहवीं लोकसभा के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन– एनडीए के उम्मीदवार होंगे। श्री बिरला ने आज अपना नामांकन दाखिल किया। इधर, विपक्षी इंडिया गठबंधन ने इस पद के लिए कांग्रेस के सांसद के.सुरेश को अपना उम्मीदवार बनाया है। के. सुरेश ने भी अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। विपक्ष का उम्मीदवार खड़ा कर दिये जाने से अध्यक्ष पद के लिए कल चुनाव कराया जायेगा। इससे पहले, सरकार और विपक्ष इस पद के लिए आम सहमति तक पहुंचने में असफल रहे है। संसद के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते हुये केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इस मुद्दे पर कांग्रेस नेतृत्व से बात की गयी लेकिन वे अपनी शर्तों पर अड़े रहे।

———बाईट———

अच्छी परंपरा यह रहती कि लोकसभा निर्विरोध एक सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुनता, तो लोकसभा की भी मर्यादा अच्छी रहती। सभी पक्ष का उसमें योगदान रहता है और स्पीकर वैसे भी किसी सत्तारूढ़ पार्टी या विपक्ष का नहीं होता है, वो पूरे सदन का होता है। वैसे ही उपाध्यक्ष भी कोई पार्टी या दल का नहीं होता, पूरे सदन का होता है।

वहीं, कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष, अध्यक्ष उम्मीदवार को अपना समर्थन देने के लिए तैयार है, लेकिन उपाध्यक्ष पद के लिए विपक्षी पार्टी का उम्मीदवार होना चाहिए। सरकार इसके लिए तैयार नहीं दिखी।

———बाईट———

राजनाथ सिंह जी ने खरगे जी से कहा देखिए आप हमारे स्पीकर को सर्पोट कीजिए। पूरी ऑपोजिशन ने कहा है कि हम स्पीकर को सर्पोट करेंगे, मगर कन्वेंशन यह है कि डेप्यूटी स्पीकर ऑपोजिशन को मिलना चाहिए।

हमारे संवाददता ने बताया है कि लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव स्वाधीनता के समय से बिना किसी प्रतिस्पर्धा के होता रहा है, लेकिन यह पहली बार है, जब इस पद के लिए प्रतिस्पर्धा हो रही है।

———————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और मुंगेर से नवनिर्वाचित सांसद राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने कहा कि रक्षा मंत्री ने कांग्रेस नेतृत्व से कहा था कि जब उपाध्यक्ष का चुनाव होगा हम सभी मिलकर तय करेंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष दबाव की राजनीति करना चाहता है, जो सही नहीं है।

———बाईट———

———————————————————————

केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान ने लोकसभा अध्यक्ष के पद को लेकर विपक्षी इंडिया गठबंधन के रुख पर सवाल उठाया है। संसद भवन परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष के लिए समर्थन देने को लेकर जिस तरह से उपाध्यक्ष के पद की शर्त लगाई है वह सही नहीं है।

———बाईट———

———————————————————————

जनता दल यूनाईटेड ने सुपौल से नवनिर्वाचित सांसद दिलेश्वर कामत को लोकसभा में संसदीय दल का नेता बनाया है। पिछली लोकसभा में यह जिम्मेदारी पार्टी के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह के पास थी। वहीं, पार्टी ने राज्यसभा सांसद संजय झा को रामनाथ ठाकुर की जगह राज्यसभा में संसदीय दल के नेता की जिम्मेदारी दी है।

———————————————————————

देश में आपातकाल लगाये जाने की आज पचासवीं बरसी है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपातकाल का विरोध करने वाले महान पुरुषों और महिलाओं को श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री मोदी ने कहा कि यह दिन याद दिलाता है कि कैसे बुनियादी स्वतंत्रता को नष्ट कर भारत के संविधान को कुचल दिया गया था। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सभी लोकतांत्रिक सिद्धांतों की अवहेलना की और देश को जेल बना दिया। श्री मोदी ने कहा कि जिन लोगों ने

आपातकाल लगाया, उन्हें संविधान के प्रति प्रेम जताने का कोई अधिकार नहीं है। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि जिस मानसिकता के कारण आपातकाल लगाया गया वह मानसिकता उस पार्टी में आज भी जीवित है।

---बाईट---

---

केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि पच्चीस जून, उन्नीस सौ पचहत्तर वह दिन है, जब आपातकाल लगाने के कांग्रेस पार्टी के राजनीतिक रूप से प्रेरित फैसले ने लोकतंत्र का गला घोंट दिया। उन्होंने कहा कि आपातकाल के फैसले ने लोकतांत्रिक स्तंभों को हिला दिया था और संविधान को कुचलने की कोशिश की गयी थी।

---बाईट---

---

नीट–यूजी परीक्षा पेपर लीक मामले में सीबीआई ने जांच तेज कर दी है। सीबीआई के तीन वरिष्ठ अधिकारी आज भी पटना स्थित आर्थिक अपराध इकाई ईओयू के कार्यालय पहुंचे। सीबीआई के अधिकारियों ने ईओयू के एडीजी नैय्यर हसनैन खान से मुलाकात की और पेपर लीक मामले से जुड़े विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की। जानकारी के अनुसार ईओयू ने सीबीआई को कुछ और दस्तावेज दिये हैं। सीबीआई के अधिकारियों ने पेपर लीक मामले में पहली एफआईआर दर्ज करने वाले शास्त्रीनगर थाने के प्रभारी से भी बातचीत की और इस मामले में अब तक की गयी कार्रवाई से जुड़ी जानकारी ली है। इधर, इस मामले देश भर के विभिन्न राज्यों से तीस लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

---

विधान परिषद की रिक्त हुई एक सीट पर चुनाव की अधिसूचना आज जारी कर दी गयी है। इसके साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। दो जुलाई तक नामांकन भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच तीन जुलाई को होगी जबकि नाम वापसी की अंतिम तारीख पांच जुलाई निर्धारित है। यदि आवश्यक हुआ तो मतदान बारह जुलाई को होगा। गौरतलब है कि यह सीट राजद के विधान पार्षद रामबलि चंन्द्रवंशी को पार्टी से निष्कासित किये जाने के बाद खाली हो गयी है।

---

रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए कल तक नाम वापस लिये जा सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच में एक नामांकन रद्द कर दिया गया है। जबकी बारह

उम्मीदवारों का नामांकन सही पाया गया है। राजद से बीमा भारती, जदयू से कलाधर प्रसाद मंडल और निर्दलीय शंकर सिंह समेत बारह उम्मीदवार मैदान में हैं। मतदान दस जुलाई को होगा और मतों की गिनती तेरह जुलाई को की जाएगी।

——————————————————————————

राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के छह अधिकारियों का तबादला कर दिया है। चन्द्रशेखर सिंह को एक बार फिर पटना का जिलाधिकारी बनाया गया है। जबकि पटना के जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक को बिहार राज्य पथ निर्माण निगम का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। वहीं, केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे हिमांशु शर्मा को जीविका का मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी और निलेश रामचन्द्र देवड़े को नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी में प्रबंध निदेशक बनाया गया है। लक्ष्मण तिवारी को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में ओएसडी तथा आदित्य प्रकाश को स्वास्थ्य विभाग में अपर सचिव बनाया गया है।

——————————————————————————

दक्षिण–पश्चिम मॉनसून की सक्रियता से राज्य के अधिकतर भागों में हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य के उत्तरी भागों में कई स्थानों पर मध्यम से भारी वर्षा हुई है। इधर, राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में आज सुबह से बारिश की परिस्थितियां बनी हुई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले कुछ दिनों तक राज्य के अधिकतर भागों में हल्की से मध्यम वर्षा होगी। इस दौरान कुछ स्थानों पर वज्रपात की भी सम्भावना है। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लोगों से खराब मौसम के समय सुरक्षित स्थान पर रहने की अपील की है। प्राधिकरण ने परामर्श जारी कर लोगों से कहा है कि बारिश के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न जाए।

——————————————————————————

मुंगेर जिले के टेटिया थाना क्षेत्र अन्तर्गत दो अलग–अलग स्थानों पर वज्रपात की घटना में एक युवक की मौत हो गयी जबकि एक बुजुर्ग गम्भीर रूप से घायल हो गया। संग्रामपुर के अंचल अधिकारी निशीथ नंदन ने बताया कि मृतक के परिजनों को सरकार की ओर से सहायता राशि दी जाएगी। इधर, पूर्वी चंपारण जिले के तुरकौलिया थाना क्षेत्र के पशुरामपुर गांव में तेज बारिश के दौरान वज्रपात की चपेट मे आने से एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गई।

——————————————————————————

बोध गया स्थित बीएएसपी–थ्री ग्राउंड पर आज से अग्निवीर भती रैली शुरू हो गई है। यह रैली उनतीस जून तक चलेगी। सेना भर्ती कार्यालय के निदेशक कर्नल

राहुल द्विवेद्वी ने बताया कि रैली में अरवल, औरंगाबाद, जमुई और शेखपुरा समेत ग्यारह जिलों के शॉर्टलिस्ट किये गये लगभग साढ़े पांच हजार पुरूष अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि सितम्बर महीने तक अंतिम परिणाम जारी कर दिया जाएगा।

———————————————————————

आईसीसी टी—ट्वेंटी विश्व कप क्रिकेट के सेमीफाईनल मुकाबले तय हो गये हैं। गुरूवार को खेले जाने वाले पहले सेमीफाईनल में भारत का मुकाबला इंग्लैंड से होगा। वहीं, दूसरे सेमीफाईनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान आमने—सामने होंगे। अफगानिस्तान पहली बार टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचा है।

———————————————————————

गोपालगंज पुलिस ने थावे बस स्टैंड के पास छापेमारी कर एक कंटेनर पर लदे पंचानवे मवेशियों के साथ पांच पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

अररिया जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र के उदा मोड़ के पास वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक चारपहिया वाहन से दो सौ अट्ठासी लीटर विदेशी शराब बरामद की है। मौके से दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————

कटिहार साईबर पुलिस ने पटना के कदमकुआं थाना क्षेत्र से एक महिला समेत दो सायबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये अपराधी पाकिस्तान के सायबर अपराधियों के साथ मिलकर राज्य के कई लोगों से ठगी कर चुके हैं।

———————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले की एक स्थानीय अदालत ने गांजा बरामदगी मामले में दोषी को तेरह वर्ष सश्रम कारावास और दो लाख रुपए अर्थ दंड की सजा सुनायी है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर........

01. एनडीए की ओर से भाजपा सांसद ओम बिरला और विपक्षी इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस सांसद के. सुरेश ने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा। कल होगा चुनाव।

02. विधान परिषद की रिक्त हुई एक सीट पर चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन पत्र दाखिल करने का काम शुरू। बारह जुलाई को होगा मतदान।

03. नीट—यूजी परीक्षा पेपर लीक मामले में सीबीआई ने जांच तेज की। सीबीआई अधिकारी ईओयू के एडीजी से मिले। ईओयू ने कुछ और दस्तावेज सौंपे।

04. और, राज्य के अधिकतर भागों में मॉनसून की सक्रियता बढ़ी। अगले तीन दिनों में राज्य के विभिन्न भागों में हल्की से मध्यम वर्षा की सम्भावना।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।